Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 01 April 2024

Dainik Jagran Page - 04

गोवि में प्रवेश के लिए चार से करें आनलाइन आवेदन

- 15 जून से प्रवेश परीक्षा कराने की है विश्वविद्यालय की तैयारी
- 15 जुलाई तक कक्षा संचालन शुरू करने की है योजना

जासं, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक, परास्नातक और अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन चार अप्रैल से किया सकेगा। हालांकि अभी विश्वविद्यालय ने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन इस तिथि को ध्यान में रखकर आनलाइन आवेदन की टेस्टिंग प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंचा दी है। दो अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी हो जाने की उम्मीद गोवि की ओर से जताई जा रही है।

सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूरी कर लेने की विश्वविद्यालय की योजना थी लेकिन केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के निर्णय के बाद आवेदन फार्म में कुछ परिवर्तन करना पड़ा। इसके अलावा होली की छुट्टियों के कारण भी योजना के क्रियान्वयन में बाधा आई। प्रवेश प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि आनलाइन आवेदन प्रक्रिया की टेस्टिंग का कार्य चल

रहा है। केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के कारण इस दौरान कुछ संशोधन किए गए हैं। दो अप्रैल तक सभी तैयारियां पूरी होने की उम्मीद है। चार-पांच अप्रैल से आनलाइन आवेदन हो सकेगा। अभ्यर्थी प्रवेश के लिए 11 मई तक आवेदन कर सकेंगे। उसके बाद किसी ने आवेदन में कोई त्रुटि की होगी तो उन्हें संशोधन का मौका दिया जाएगा। इस बार आनलाइन काउंसलिंग होगी, इसलिए छात्रों को कतारों से तो मुक्ति मिलेगी ही, प्रवेश कार्य भी जल्द पूर्ण हो सकेगा।

प्रवेश परीक्षा में शामिल होने को कालेज 10 तक करें आवेदन : विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस वर्ष केंद्रीयकृत प्रक्रिया का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जो भी सम्बद्ध कालेज इसमें प्रतिभाग करना चाहते हैं, वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। कालेजों को यह भी बताना होगा कि वे कौन से कोर्स में कितने छात्र चाहते हैं।

> चार अप्रैल से आनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लक्ष्य को लेकर कार्य चल रहा है। 15 जून से प्रवेश परीक्षा कराए जाने की योजना है। आनलाइन काउंसिलिंग के कारण प्रवेश प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। कोशिश है कि 15 जुलाई से नए छात्रों की कक्षाएं भी संचालित होने लगीं।
>
> **प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, गोवि**

सीमैगो रैंकिंग में विश्वविद्यालय चढ़ा, मिली 108वीं रैंक

वर्ष 2023 में देश में 250वें स्थान पर था गोरखपुर विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 8044 से 3070वें स्थान पर पहुंचा गोवि

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की सीमैगो राष्ट्रीय रैंकिंग में जबरदस्त उछाल आया है। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय 250वें स्थान पर था, इस वर्ष 142 रैंक की उछाल के साथ 108वें रैंक पर पहुंच गया है। सीमैगो अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी जबरदस्त सुधार आया है। इस रैंकिंग में वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय 8044 वें स्थान पर था जबकि इस वर्ष इसकी रैंकिंग 3070 हो गई है।

गोरखपुर विश्वविद्यालय की बढ़ी डिजिटल उपस्थिति ऐसा संभव हो सका है। इसके लिए प्रयासों में विश्वविद्यालय में यूजर फ्रेंडली वेबसाइट का शुभारंभ और ट्विटर और फेसबुक जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों पर सक्रियता शामिल है, जो संस्थान के शैक्षणिक, अनुसंधान और सामाजिक योगदान को प्रदर्शित करता है। सीमैगो रैंकिंग के जारी नए आंकड़े ने इसको और बल प्रदान किया है। विश्वविद्यालय ने 'सामाजिक रैंकिंग' में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। सामाजिक श्रेणी में विश्वविद्यालय की रैंक में काफी सुधार हुआ है।

इस उपलब्धि से उत्साहित विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा है सीमैगो रैंकिंग में विश्वविद्यालय को मिली उछाल शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में इसकी उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। यह उपलब्धि हमें विश्वविद्यालय की शैक्षिक व आनुसंधानिक गुणवत्ता और बढ़ाते रहने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

Amar Ujala Page - 04,05

नए सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 से

डीडीयू : 11 मई तक मिल सकता है आवेदन का मौका, 15 जून से प्रवेश परीक्षाएं कराने की तैयारी

संवाद - न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक, परास्नातक और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन चार या पांच अप्रैल से भरा जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन के टेस्टिंग की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अगले एक-दो दिनों में डीडीयू प्रशासन प्रवेश को लेकर बाकायदा दिशा-निर्देश जारी कर देगा।

डीडीयू में सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया मार्च के अंतिम हफ्ते से किए जाने की योजना थी, लेकिन केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के निर्णय के बाद फॉर्म में कुछ परिवर्तन करना पड़ा। इसके अलावा होली की छुट्टियों के कारण भी कुछ असर पड़ा। अब इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

प्रवेश प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के कारण इस दौरान कुछ संशोधन किए गए हैं। दो अप्रैल तक सभी तैयारियां पूरी होने की उम्मीद है। चार-पांच अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन हो सकेगा। अभ्यर्थी, प्रवेश के लिए 11 मई तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद किसी ने आवेदन में कोई त्रुटि की होगी तो उन्हें संशोधन का मौका दिया जाएगा। इस बार ऑनलाइन काउंसिलिंग होगी, इसलिए छात्रों को कतारों से तो मुक्ति मिलेगी ही, प्रवेश कार्य भी जल्द पूर्ण हो सकेगा।

केंद्रीयकृत परीक्षा के लिए कॉलेज 10 तक करें आवेदन

डीडीयू की ओर से इस वर्ष केंद्रीयकृत प्रक्रिया का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जो भी संबद्ध कॉलेज इसमें प्रतिभाग करना चाहते हैं, वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। कॉलेजों को यह भी बताना होगा कि वे किस कोर्स में कितने छात्र चाहते हैं।

> प्रयास है कि चार अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। 15 जून से प्रवेश परीक्षा कराए जाने की योजना है। ऑनलाइन कांउसिलिंग के कारण प्रवेश प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। कोशिश है कि 15 जुलाई से नए छात्रों की कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो जाए।
>
> **- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू**

एमसीआईमैगो रैंकिंग में डीडीयू को मिला 108वां स्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए कार्यों की बदौलत एमसीआईमैगो रैंकिंग में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने जबरदस्त उछाल हासिल किया है। एमसीआईमैगो रैंकिंग में वर्ष 2023 में जहां विश्वविद्यालय 250 वें स्थान पर था, वहीं वर्ष 2024 में वह 108वीं रैंकिंग पर पहुंच गया।

देशस्तर की रैंकिंग के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में भी जबरदस्त सुधार आया है। वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में विश्वविद्यालय 8044वें स्थान पर था, जबकि वर्ष 2024 में वह 3070 रैंकिंग पर पहुंच गया।

गोरखपुर विश्वविद्यालय की बढ़ी हुई डिजिटल उपस्थिति ने इन मील के पत्थर को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय ने अपने डिजिटल पदचिन्ह में सुधार के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। एमसीआई मैगो रैंकिंग के जारी नए आंकड़े ने इसको और बल प्रदान किया है। विश्वविद्यालय ने एससीआईमैगो रैंकिंग 2024 के अनुसार 'सामाजिक रैंकिंग' में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। सामाजिक श्रेणी में विश्वविद्यालय की रैंक में काफी सुधार हुआ है।

अनुसंधान और बुनियादी ढांचे का होगा विकास

विश्वविद्यालय ने पीएम-उषा योजना के तहत 100 करोड़ का अनुदान प्राप्त किया है, जो अनुसंधान और बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूती प्रदान करेगा। वहीं विश्वविद्यालय डीएसटी-पर्स योजना के तहत 15 करोड़ रुपये का अनुदान हासिल करने को लेकर भी आशान्वित हैं, जिससे अकादमिक और अनुसंधान उत्कृष्टता को और बढ़ावा मिलेगा।

> एमसीआईमैगो रैंकिंग में विश्वविद्यालय को मिली ये उपलब्धियां शिक्षा और अनुसंधान के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हम इस मान्यता के लिए आभारी हैं और समाज पर विश्वविद्यालय के सकारात्मक प्रभाव को और बढ़ाने के लिए समर्पित हैं।
>
> **- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू**

Inext Page - 02, 04

सीमैगो रैंकिंग में गोरखपुर यूनिवर्सिटी को मिली 108वीं रैंक

वर्ष 2023 में देश में 250वें स्थान पर था गोरखपुर विश्वविद्यालय

अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 8044 से 3070वें स्थान पर पहुंचा गोवि

GORAKHPUR (31 March): डीडीयूजीयू की सीमैगो राष्ट्रीय रैंकिंग में जबरदस्त उछाल आया है. वर्ष 2023 में यूनिवर्सिटी 250वें स्थान पर थी, इस वर्ष 142 रैंक की उछाल के साथ 108वीं रैंक पर पहुंच गया है. सीमैगो अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी जबरदस्त सुधार आया है. इस रैंकिंग में वर्ष 2023 में यूनिवर्सिटी 8044 वें स्थान पर था जबकि इस वर्ष इसकी रैंकिंग 3070 हो गई है. इसके लिए प्रयासों में यूनिवर्सिटी में यूजर फ्रेंडली वेबसाइट का शुभारंभ और ट्विटर और फेसबुक जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रियता शामिल है, जो संस्थान के शैक्षणिक, अनुसंधान और सामाजिक योगदान को प्रदर्शित करता है. सीमैगो रैंकिंग के जारी नए आंकड़े ने इसको और बल प्रदान किया है. विश्वविद्यालय ने 'सामाजिक रैंकिंग' में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है. सामाजिक श्रेणी में विश्वविद्यालय की रैंक में काफी सुधार हुआ है. इस उपलब्धि से उत्साहित यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. पूनम टंडन ने कहा है सीमैगो रैंकिंग में यूनिवर्सिटी को मिली उछाल शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में इसकी उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है. यह उपलब्धि हमें यूनिवर्सिटी की शैक्षिक व आनुसंधानिक गुणवत्ता और बढ़ाते रहने के लिए प्रेरित करती रहेगी.

डीडीयूजीयू में एडमिशन के लिए चार अप्रैल से होगा ऑनलाइन आवेदन

15 जून से प्रवेश परीक्षा कराने की है विश्वविद्यालय की तैयारी

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (31 March): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक, परास्नातक और अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन चार अप्रैल से किया सकेगा. हालांकि अभी विश्वविद्यालय ने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन इस तिथि को ध्यान में रखकर आनलाइन आवेदन की टेस्टिंग प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंचा दी है. दो अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी हो जाने की उम्मीद विश्वविद्यालय की ओर से जताई जा रही है. सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूरी कर लेने की विश्वविद्यालय की योजना थी लेकिन केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के निर्णय के बाद आवेदन फार्म में कुछ परिवर्तन करना पड़ा. इसके अलावा होली की छुट्टियों के कारण भी योजना के क्रियान्वयन में बाधा आई. प्रवेश प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि आनलाइन आवेदन प्रक्रिया की टेस्टिंग का कार्य चल रहा है. केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के कारण इस दौरान कुछ संशोधन किए गए हैं. दो अप्रैल तक सभी तैयारियां पूरी होने की उम्मीद है. चार-पांच अप्रैल से आनलाइन आवेदन हो सकेगा. अभ्यर्थी प्रवेश के लिए 11 मई तक आवेदन कर सकेंगे. उसके बाद किसी ने आवेदन में कोई त्रुटि की होगी तो उन्हें संशोधन का मौका दिया जाएगा. इस बार आनलाइन काउंसिलिंग होगी, इसलिए छात्रों को कतारों से तो मुक्ति मिलेगी ही, प्रवेश कार्य भी जल्द पूर्ण हो सकेगा.

प्रवेश परीक्षा में शामिल होने को कालेज 10 तक करें आवेदन

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस वर्ष केंद्रीयकृत प्रक्रिया का निर्णय लिया गया है. इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं. जो भी सम्बद्ध कालेज इसमें प्रतिभाग करना चाहते हैं, वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं. कालेजों को यह भी बताना होगा कि वे कौन से कोर्स में कितने छात्र चाहते हैं.

> **चार अप्रैल से आनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लक्ष्य को लेकर कार्य चल रहा है. 15 जून से प्रवेश परीक्षा कराए जाने की योजना है. आनलाइन कांउसिलिंग के कारण प्रवेश प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी. कोशिश है कि 15 जुलाई से नए छात्रों की कक्षाएं भी संचालित होने लगीं.**
>
> **प्रो. पूनम टंडन,**
> वाइस चांसलर, डीडीयूजीयू

Hindustan Page - 03, 08

वर्ष 2023 में भारतीय विश्वविद्यालयों में 250वें स्थान पर था डीडीयू

एससीआईमैगो रैंकिंग में डीडीयू 108वें स्थान पर

उपलब्धि

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने एससीआईमैगो रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। डीडीयू को भारतीय शिक्षण संस्थानों के बीच सामाजिक रैंकिंग की श्रेणी में इस बार 108वां स्थान मिला है। यह इसलिए अहम है, क्योंकि पिछले वर्ष डीडीयू 250वें स्थान पर था। डीडीयू की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी बड़ा उछाल आया है। वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में डीडीयू 8044वें स्थान पर था, जबकि इस बार वह 3070 रैंकिंग पर पहुंच गया।

डीडीयू प्रशासन के मुताबिक सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपस्थिति ने मील के पत्थर को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय ने खुद को डिजीटली काफी समृद्ध किया है। विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट को अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार डिजाइन किया गया है। यह काफी ज्ञानवर्धक है।

सोशल मीडिया साइट एक्स, फेसबुक, यूट्यूब आदि पर भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं। विश्वविद्यालय ने एससीआईमैगो रैंकिंग 2024 के अनुसार 'सामाजिक रैंकिंग' श्रेणी में यह सफलता प्राप्त की है। सभी के लिए यह गर्व की बात है।

अंतरराष्ट्रीय फलक पर और चमकेगी छवि

विश्वविद्यालय को पीएम उषा योजना के अन्तर्गत 100 करोड़ के अनुदान के लिए नामित किया गया है। इसके अलावा डीएसटी पर्स योजना के अन्तर्गत 15 करोड़ रुपये के लिए आवेदन किया है। इन पैसों से अंतरराष्ट्रीय स्तर के एडवांस लैब का निर्माण होगा, जिससे विश्वविद्यालय की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और चमकेगी।

एससीआई मैगो रैंकिंग में विश्वविद्यालय को मिली ये उपलब्धियां शिक्षा और अनुसंधान के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। 108वां स्थान हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा।

- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

डीडीयू की बास्केटबॉल टीम का चयन कल

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल (महिला) टीम का चयन 2 अप्रैल को विवि के क्रीड़ांगन पर अपराह्न 3 बजे से होगा। डीडीयू एवं कॉलेजों की इच्छुक छात्राएं अपने सभी प्रमाण पत्रों के साथ इसमें प्रतिभाग कर सकती हैं।

सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की अं.ति. आज

गोरखपुर। डीडीयू और सम्बद्ध कॉलेजों में 15 अप्रैल से प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म खोल दिया गया है। विद्यार्थी 24 मार्च से 2 अप्रैल के बीच फॉर्म भर सकेंगे। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म में वैकल्पिक व माइनर प्रश्नपत्रों का चयन करना है।

नए सत्र में प्रवेश के लिए 4 से होगा ऑनलाइन आवेदन

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक, परास्नातक और अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 या 5 अप्रैल से भरा जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन के टेस्टिंग की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। एक-दो दिनों में डीडीयू प्रशासन प्रवेश को लेकर बाकायदा दिशा-निर्देश जारी कर देगा।

प्रवेश प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के कारण इस दौरान कुछ संशोधन किए गए हैं। 2 अप्रैल तक सभी तैयारियां पूरी होने की उम्मीद है। चार-पांच अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन हो सकेगा। अभ्यर्थी प्रवेश के लिए 11 मई तक आवेदन कर सकेंगे।

उसके बाद किसी ने आवेदन में कोई त्रुटि की होगी तो उन्हें संशोधन का मौका दिया जाएगा। इस बार ऑनलाइन काउंसलिंग होगी, इसलिए छात्रों को भीड़ से तो मुक्ति मिलेगी ही, प्रवेश कार्य भी जल्द पूर्ण हो सकेगा।

> हमारी कोशिश है कि 4 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। 15 जून से प्रवेश परीक्षा कराए जाने की योजना है। ऑनलाइन कांउसलिंग के कारण प्रवेश प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। कोशिश है कि 15 जुलाई से नए छात्रों की कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो जाए।
>
> - प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

केंद्रीयकृत परीक्षा के लिए 10 तक करें आवेदन

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष केंद्रीयकृत प्रक्रिया का निर्णय लिया गया है। इस सम्बंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जो भी सम्बद्ध कॉलेज इसमें प्रतिभाग करना चाहते हैं, वे 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। कॉलेजों को यह भी बताना होगा कि वे कौन से कोर्स में कितने छात्र चाहते हैं।

Amar Ujala Select Page - 04

एमसीआईमैगो रैंकिंग में डीडीयू को 108वां स्थान

वर्ष 2023 में 250 वें स्थान पर था गोरखपुर विश्वविद्यालय

गोरखपुर। शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए कार्यों की बदौलत एमसीआईमैगो रैंकिंग में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने जबरदस्त उछाल हासिल किया है। एमसीआईमैगो रैंकिंग में वर्ष 2023 में जहां विश्वविद्यालय 250 वें स्थान पर था, वहीं वर्ष 2024 में वह 108वीं रैंकिंग पर पहुंच गया।

देशस्तर की रैंकिंग के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में भी जबरदस्त सुधार आया है। वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में विश्वविद्यालय 8044वें स्थान पर था, जबकि वर्ष 2024 में वह 3070 रैंकिंग पर पहुंच गया।

गोरखपुर विश्वविद्यालय की बढ़ी हुई डिजिटल उपस्थिति ने इन मील के पत्थर को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय ने अपने डिजिटल पदचिन्ह में सुधार के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। एमसीआई मैगो रैंकिंग के जारी नए आंकड़े ने इसको और बल प्रदान किया है।

डीडीयू : नए सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन 4 से

11 मई तक मिल सकता है मौका, 15 जून से प्रवेश परीक्षा कराने की तैयारी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 में स्नातक, परास्नातक और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन चार या पांच अप्रैल से भरा जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन के टेस्टिंग की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अगले एक-दो दिनों में डीडीयू प्रशासन प्रवेश को लेकर बाकायदा दिशा-निर्देश जारी कर देगा।

डीडीयू में सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया मार्च के अंतिम हफ्ते से किए जाने की योजना थी, लेकिन केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के निर्णय के बाद फॉर्म में कुछ परिवर्तन करना पड़ा। इसके अलावा होली की छुट्टियों के कारण भी कुछ असर पड़ा। अब इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

प्रवेश प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के कारण इस दौरान कुछ संशोधन किए गए हैं। दो अप्रैल तक सभी तैयारियां पूरी होने की उम्मीद है। चार-पांच अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन हो सकेगा। अभ्यर्थी, प्रवेश के लिए 11 मई तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद किसी ने आवेदन में कोई त्रुटि की होगी तो उन्हें संशोधन का मौका दिया जाएगा। इस बार ऑनलाइन काउंसिलिंग होगी, इसलिए छात्रों को कतारों से तो मुक्ति मिलेगी ही, प्रवेश कार्य भी जल्द पूर्ण हो सकेगा।

केंद्रीयकृत परीक्षा के लिए कॉलेज 10 तक करें आवेदन

डीडीयू की ओर से इस वर्ष केंद्रीयकृत प्रक्रिया का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जो भी संबद्ध कॉलेज इसमें प्रतिभाग करना चाहते हैं, वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। कॉलेजों को यह भी बताना होगा कि वे किस कोर्स में कितने छात्र चाहते हैं।

> प्रयास है कि चार अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। 15 जून से प्रवेश परीक्षा कराए जाने की योजना है। ऑनलाइन कांउसिलिंग के कारण प्रवेश प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। कोशिश है कि 15 जुलाई से नए छात्रों की कक्षाओं का संचालन भी शुरू हो जाए।
>
> -प्रो. पूनम टंडन, कुलपति, डीडीयू

Rashtriya Sahara Page - 07

रियल टू रील कंपटीशन में दिखी गोरक्ष नगरी की सुंदरता

गोरखपुर (एसएनबी)। दीदद गोबिवि के अंग्रेजी विभाग में रविवार को रियल टू रील प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें एमए के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीक के साथ जोड़कर रील के माध्यम से गोरखपुर की सुंदरता को प्रदर्शित करना था। विभागाध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने गोरखपुर के कई प्रसिद्ध स्थानों की सुंदरता को वीडियो में कैद किया। गोरखनाथ मंदिर,गीता प्रेस, गीता वाटिका,रेलवे स्टेशन, कुसम्ही जंगल,चिड़ियाघर,नौका विहार, एयरपोर्ट ,बुढ़िया माई मंदिर जैसे प्रसिद्ध स्थान को वीडियो में दिखाकर उनका साहित्यिक वर्णन भी किया। इन रियल स्थान को रील के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किया। सभी को सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में प्रो. अवनीश राय भी उपस्थित रहे।

हन विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग : विशाल मिश्रा, मालविका तिवारी, तान्या सरोज, निधि सिंह,आरुषि गौतम, आकांक्षा यादव, रंजना, आस्था यादव, आस्था मिश्रा, दिव्या, अंकिता, अभिषेक, हर्ष, भावना सिंह, अभिषेक सिंह, पूजा राय, सुप्रिया सिंह, सना जावेद, प्रीति, श्वेता उपाध्याय, श्वेता कुमारी, आयुषी राव व प्रीति यादव।

- तकनीक के साथ साहित्य को जोड़ रहे अंग्रेजी के विद्यार्थी
- लेंस एंड लिटरेचर के बाद रियल टू रील प्रतियोगिता